EMA INDIA LIMITED
CIN:L27201UP1971PLC003408
Mfrs. of Induction Heating and Honing Machines & Accessories

12 August, 2023

To,
Manager-CRD,
BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street,
Mumbai-400001

Dear Sir / Ma'am,

**Sub: Copy of Advertisement published in Newspaper- Standalone Un-audited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2023.**

**Re: EMA India Limited; Scrip Code: 522027**

Pursuant to the provision of Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, enclosed herewith the copies of advertisement published in 'Financial Express' English Edition and 'Rashtriya Sahara' Hindi Edition on 11th August, 2023 for Standalone Un-audited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2023.

Kindly take the same on your records.

Thanking You,

Yours faithfully

**For EMA India Limited**

**(Namita Sabharwal)**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**Membership no.- A35411**

**Encl:** As above

Regd. Office & Postal Address
EMA INDIA LTD.
C-37, Panki Industrial Area
P.O. Udyog Nagar
Kanpur-208 022
INDIA

Honing Machine Division
GEHRING INDIA
(A Div. of Ema India Ltd.)
Vill. Maharajpur, 19th Km. Stone
P.O. Tantiyaganj, Mandhana
Kanpur Dehat-209 203
INDIA

EMA Tel. : +91-512-691210-11-12-13
Fax : +91-512-691214
GEHRING Tel. : +91-5112-20105, 20107
Fax : +91-5112-20106
E-mail : emain@lw1.vsnl.net.in

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उत्प्रेरक झंडा गीत 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' की रचना करने वाले महान कवि, पत्रकार, समाजसेवी एवं शिक्षक श्याम लाल गुप्त जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।
—— ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम, उप्र

## नगर में आज

- प्रातः 11 बजे : महिला महाविद्यालय में बीएड छात्राओं का विदाई समारोह।
- दिन 1 बजे : पद्मपत सिंहानिया स्कूल कमलानगर में इंटर स्कूल आर्ट कॉम्पीटीशन।
- दिन 2 बजे : जिला सहकारी फेडरेशन लि.द्वारा 70 रुपये किलो टमाटर विक्रय केंद्र का डीसीएफ कोपरगंज में उद्घाटन।
- शाम 6 बजे : चंद्रशेखर आजाद जन कल्याण समिति द्वारा क्रांतिकारी खुदीराम बोस के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा।

# जनवादी नौजवान सभा की महंगाई के खिलाफ पदयात्रा

**कानपुर।** बढ़ती मंहगाई के खिलाफ गुरुवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा ने पदयात्रा निकाल विरोध प्रदर्शन किया। पदयात्रा मूलगंज से बड़ा चौराहा तक सभा के जिला महामंत्री के नेतृत्व में निकाली गयी।

पद यात्रा का उद्देश्य बताते हुये सभा के जिला महामंत्री चमन खन्ना ने कहा कि मंहगाई, बेरोजगारी और घोटाले से देश बेहाल है। भाजपा सरकार का यही नौ साल बेमिसाल है। यह सरकार देशवासियों को गुमराह करने के अलावा कुछ नहीं कर रही है। पूरा देश मंहगाई, बेरोजगारी, झूठे भाषण, घोटालों पर घोटाले से बेहाल है। चुनाव पास आने पर ये पार्टी गांव और शहरों की भोली भाली जनता को ठगने के लिये नये नये हथकंडे अपना रही है। कोषाध्यक्ष अमित केसरवानी ने कहा कि पूरा देश मंहगाई की चपेट में कराह रहा है। बेरोजगारी अब तक के सबसे ऊंचे आंकड़े तक पहुंच चुकी है। केन्द्र और राज्य सरकारें घोटाले कर बेशर्मी से बेमिसाल कार्यक्रम चला रही है। यह सरकार भारत की गरीब जनता का पैसा लूट झूठी सफलता का ढोल पीट रही है। सब्जी दो सौ रुपये किलो मिल रही है। दो उद्योगपतियों को सभी सुविधायें दी जा रही हैं, वहीं किसानों को एफआईआर कर धमकाया जा रहा है। मणिपुर जातीय हिंसा का शिकार है, पीएम फिर भी चुप है। नवजवानों ने पदयात्रा के दौरान महंगाई पर रोक लगाने, नफरत नहीं रोजगार चाहिये, 'सबको शिक्षा सबको काम वरना होगी नींद हराम' आदि नारे लगाते चल रहे थे। राम आसरे पार्क बड़ा चौराहा पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से एसीपी कोतवाली को सौंपा। पद यात्रा में जिलाध्यक्ष विनोद पाण्डेय, आशा खालिद, अरविंद गुप्ता, अनूप कटियार, अमित शुक्ला, हिमांशु जनवादी, गोविन्द नारायण, हरिशंकर वर्मा आदि थे।




महंगाई को लेकर पदयात्रा निकालते जनवादी नौजवान सभा के कार्यकर्ता। फोटो : एसएनबी

**विरोध में मूलगंज से बड़ा चौराहा तक किया प्रदर्शन**

# सीडीओ व सीएमओ ने दवा खाकर किया फाइलेरिया रोधी अभियान का शुभारंभ

**कानपुर (एसएनबी)।** कांशीराम संयुक्त अस्पताल रामादेवी में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सुधीर कुमार व मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. आलोक रंजन ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर किया। उन्होंने शहरवासियों से आशा कार्यकर्ता के सामने दवा खाने की अपील की। सभी को दवा खाने व दूसरों को प्रेरित करने की शपथ भी दिलायी। अभियान 28 अगस्त तक चलेगा, जिसमें अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्रों के साथ घरघर जाकर दवा खिलायी जाएगी।

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम में अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्यपरिवार कल्याण डॉ. अंजू दुबे ने कहा कि जिले से ही नहीं देश से भी फाइलेरिया बीमारी का समूल नाश करना है। सभी लोग स्वास्थ्य कर्मचारी के सामने ही दवा का सेवन करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन ने कहा कि सामूहिक दवा सेवन यानी आईडीए अभियान में जिले में 46.31 लाख लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 3702 टीमें बनायी गयी हैं। बूथ लगाकर व घरघर जाकर दवा खिलायी जाएगी। दवाओं का वितरण नहीं किया जाएगा। एसीएमओ डॉ. आरपी मिश्रा ने बताया कि इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है। साल में एक बार व लगातार तीन साल तक दवा खाकर ही इससे बचना संभव है। अभियान में आइवरमेक्टिन, डाईइथाइल कार्बामजीन और एल्बेंडाजोल खिलायी जाएगी। आइवरमेक्टिन लंबाई के अनुसार खिलायी जाएगी। एल्बेंडाजोल चबाकर खानी है। दो साल तक के बच्चों, गर्भवती महिला व गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवा नहीं खिलायी जाएगी। एक से दो साल तक के बच्चों को केवल एल्बेंडाजोल ही दी जाएगी। जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह ने बताया कि जिले की सभी दस सीएचसी, कांशीराम अस्पताल, उर्सला, सीएमओ कार्यालय, केपीएम अस्पताल, हैलट व विकास भवन में बूथ लगाकर दवा खिलायी जाएगी। उन्होंने कहा, फाइलेरिया रोधी दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। दवा खाने के बाद किसी तरह की दिक्कत होने पर रैपिड रिस्पांस टीम मौके पर पहुंचेगी। 63 टीमें बनायी गयी हैं। कार्यक्रम में कल्याणपुर ब्लाक में सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) द्वारा गठित फाइलेरिया पेसेंट सपोर्ट ग्रुप की सदस्य पूजा सिंह बीमारी को लेकर अपने अनुभव साझा किये और दवा खाने के लिए प्रेरित किया। यहां सीएमएस डॉ. स्वदेश गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डा. एसपी यादव, डा.राजेश्वर, सहायक मलेरिया अधिकारी यूपी सिंह, सीफार, पाथ सीएचआरआई के प्रतिनिधियों ने भी दवा का सेवन किया।

**28 अगस्त तक साढ़े 46 लाख आबादी को दवा खिलाने का लक्ष्य**

**3702 टीमें घर-घर जाकर अपने सामने खिलाएंगी दवा**

**उर्सला, कांशीराम, हैलट केपीएम व सभी सीएचसी में लगे बूथ**

**सभी को दवा खाने व प्रेरित करने की दिलायी शपथ**

## कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**कानपुर (एसएनबी)।** यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन द्वारा बैंक ऑफ इंडिया प्रबंधन की कर्मचारी विरोधी नीतियों व एकतरफा फैसले के खिलाफ बैंक ऑफ इंडिया के किदवई नगर स्थित आंचलिक कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।

**यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन की ओर से बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय पर नारे लगाकर किया विरोध**

यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन के मंत्री रजनीश गुप्ता ने बताया कि प्रबंधन से कई दौर की वार्ता के बाद भी सिर्फ आश्वासन मिलने के बावजूद कोई सकारात्म पहल नहीं हो रही है। कर्मचारियों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। प्रबंधन व यूनियंस के बीच टकराव की स्थिति बन रही है। उन्होंने बताया कि गुरुवार का विरोध प्रदर्शन सिर्फ चेतावनी तौर पर किया गया है। यदि प्रबंधन द्विपक्षीय समझौतों से छेड़छाड़ से बाज नहीं आएगा तो आगे आंदोलन को तेज किया जाएगा। संगठन ने 19 अगस्त को बैंक ऑफ इंडिया के वाराणसी अंचल में एक दिवसीय हड़ताल बुलायी है, लेकिन अगर मांगों पर विचार नहीं किया गया तो पूरे यूपी व उत्तराखंड में हड़ताल को बाध्य होंगे। इस मौके पर मनोज तिवारी, अंकुर द्विवेदी, नितिन शर्मा, प्रदीप कपूर, सुनील शुक्ला, लालचंद्र, एसके मिश्र, आशुतोष दीक्षित, जीआर तिवारी, अंकित त्रिपाठी, केएम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# युवक की गंगा में डूबकर मौत पांच पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
**कानपुर।**

ग्वालटोली कटरी के घारमखेड़ा गांव निवासी तीन दिन से लापता एक युवक का बुधवार को उन्नाव के शुक्लागंज चंपापुरवा में गंगा में शव मिला था। मृतक के चचेरे भाई ने देवनीपुरवा गांव के प्रधानपुत्र समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए ग्वालटोली थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

ग्वालटोली क्षेत्र के कटरी स्थित घारमखेड़ा गांव निवासी शिवा निषाद ने बताया कि उसका चचेरा भाई नरेन्द्र (35) उसके पड़ोस में ही रहता था। वह सावन में नरेन्द्र के साथ मिलकर बालू की मूर्ति बनाकर भंडारा करते थे। जिसका पड़ोस के देवनीपुरवा गांव निवासी प्रधान पुत्र रवि,दीपक,अंकित व गांव के पिंटू विरोध करते थे। शिवा का कहना है कि नरेन्द्र अच्छी मूर्तियां बनाता था जिसकी वजह से आरोपी रंजिश रखते थे। आरोपी कई बार उसे धमका चुके थे। शिवा का आरोप है कि सोमवार को पिन्टू मूर्ति बनवाने में सहयोग करने की बात नरेन्द्र को साथ ले गया। उसे ले जाते हुए नीरज और अनुज ने भी देखा। घटना के बाद से नरेन्द्र का पता नहीं चला तो उन्होंने ग्वालटोली थाने में शिकायत की। बुधवार दोपहर नरेन्द्र का शव शुक्लागंज के चंपापुरवा स्थित ट्रांसमिशन टावर के पास गंगा में मिला था। गोताखोरों की मदद से गंगाघाट पुलिस ने शव को निकलवाकर परिजनों को सूचना दी। गुरुवार को कराए गए पोस्टमार्टम में डूबने से मौत की बात सामने आई है। शिवा निषाद ने आरोपियों पर नरेन्द्र की हत्या का शव को गंगा में फेंकने का आरोप लगाते हुए ग्वालटोली थाने में तहरीर दी है। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद से सभी आरोपी अपने घरों से फरार हैं। एसीपी कर्नलगंज मो. अकमल खां ने बताया कि चचेरे भाई की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

**ग्वालटोली के घारमखेड़ा गांव का रहने वाला था युवक, शुक्लागंज के चंपापुरवा में मिला था शव**

**चचेरे भाई ने देवनीपुरवा के प्रधान पुत्र समेत पांच के खिलाफ ग्वालटोली थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट**

## मंदबुद्धि महिला पेड़ पर चढ़ी, किया हंगामा

**कानपुर।** गोविन्दनगर थानाक्षेत्र के गुजैनी पुल के पास गुरुवार शाम एक मंदबुद्धि महिला पेड़ पर चढ़ कर कूदने की बात कहकर चिल्लाने लगी। महिला का हंगामा देख मजमा लग गया। लोगों ने उसे उतारने का प्रयास किया,लेकिन वह लोगों को गालियां देने के साथ पेड़ पर चढ़ने की कोशिश करने लगी और छलांग लगाने की धमकी देने लगी। लोगों ने फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से महिला को किसी प्रकार पेड़ से उतारा और थाने ले गयी। पूछताछ में पता चला कि महिला मंदबुद्धि है और इलाके में ही घूमा करती है।

## कंपनी के शेयर हड़पे 6 पर मुकदमा दर्ज

**कानपुर (एसएनबी)।** स्वरूप नगर थाने में प्रभा काया ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीड़िता का आरोप है कि निदेशकों ने कंपनी की संपत्ति और शेयर बेच दिये इसके बाद जयपुर में उसी रुपयों से टाउनशिप बनवा रहे है। डीसीपी सेन्ट्रल के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

स्वरूप नगर थाने में प्रभा काया पत्नी पंकज काया निवासी स्वरूप नगर ने किदवईनगर निवासी अमित जैन, विनय कुमार जैन, हिमित जैन, रचना जैन समेत दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। तहरीर के मुताबिक पीड़िता के पुत्र अंशुल काया को अमित कुमार जैन और उनके सहयोगियों ने एक राय से बहलाफुसलाकर धोखा दिया है। अंशुल काया अपने माता-पिता से रुपये इन लोगों को उनकी कंपनी में दिला दे तो उक्त लोग प्रीमियर इस्पात लि. में हिस्सेदारी देकर व्यापार करेंगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने धोखाधड़ी कर बैंक और बाजार का रुपया हड़प लिया है। हड़पे रुपयों से जयपुर में टाउनशिप बनवा रहे हैं। जब पीड़िता ने 31 लाख रुपये बैंक का कर्ज अदा करने के लिए वापस मांगा तो देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने धमकी दी है कि अगर कहीं शिकायत की तो पूरे परिवार को मरवा देंगे। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

## आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर जेल में खेलकूद की श्रृंखला का शुभारंभ

**कानपुर।** जिला कारागार कानपुर नगर में 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अवसर पर कारागार में निरुद्ध बंदियों के मध्य पी.टी., योगाभ्यास, रस्साकसी, कबड्डी तथा अन्य खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें बंदियों ने अत्यंत उमंग और उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक डॉ.बी.डी.पांडेय ने सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया तथा उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खेलकूद तथा योगाभ्यास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उत्तम स्वास्थ्य एवं प्रसन्नता के लिए इसे आवश्यक बताया। इस अवसर पर जेलर अनिल कुमार पाण्डेय व राजेश कुमार तथा डिप्टी जेलर प्रशांत उपाध्याय, कृष्ण मोहन चंद्र, राजेश कुमार मौर्य, सायमा जलीस व मौसमी रॉय आदि उपस्थित रहे।

## शोहदे से परेशान युवती ने घर से निकलना किया बंद

**कानपुर।** बाबूपुरवा थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ से परेशान एक एमबीए की छात्रा ने घर से बाहर निकलना बंद कर दिया है। छात्रा का कहना है शोहदा धमकी देकर उस पर शादी का दबाव बना रहा है। पीड़ित परिजनों ने आरोपी के खिलाफ संबंधित थाने में तहरीर दी है।

बाबूपुरवा निवासी युवती ने बताया कि वह भौंती स्थित एक कॉलेज से एमबीए कर रही है। कॉलेज आनेजाने के दौरान उसकी मुलाकात श्याम नगर में रहने वाले असद खान से हुई थी। उसने खुद को सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताया था। असद से प्रभावित होकर उसने उससे कुछ जानकारियां साझा कर लीं। छात्रा ने बताया कि असद से मुलाकात के दौरान उसे लगा की उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है, इसलिये उसने असद से दोस्ती खत्म कर अपने कॅरियर पर ध्यान देने की उससे बात कही, तो असद उसे धमकाने लगा। आरोप है कि तब से वह रिवाल्वर लेकर उसका पीछा कर शादी का दबाव बना रहा है। मना करने पर भी वह नहीं सुधरा ,इससे घबराकर उसने घर से निकलना छोड़ दिया। पीड़िता का आरोप है कि असद ने उसके सोशल मीडिया अकाउंट को भी हैक कर लिया। वहीं से उसकी तस्वीरें निकाल कर उन्हें एडिट कर वायरल करने की धमकी दे रहा है। उसने 12 हजार रुपये भी वसूल लिये। पुलिस से शिकायत करने पर छोटे भाई की हत्या की धमकी दे रहा है।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
UPPTCL
400 के.वी. विद्युत उपसंस्थान
महोबा रोड, खैराडा, बाँदा
दूरभाष– 9839140568
E-mail- ee400kvbanda@upptcl.org
GSTN NO. 09AAACU8823E1Z9
**उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि.**
**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
1. इस खण्ड द्वारा अल्पकालीन ई–निविदा सं. टी.– 13/ वि. 400 के.वी. उ.ख. बाँ./23–24 "Work of adjusting the alignment to avoid sheer tension of mulsyfyerpipeline alongwith Casting of Additional Pylon Foundations at 400 KV S/S Banda" हेतु आमंत्रित की गयी है। निविदा से सम्बन्धित सभी विवरण वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। अद्योहस्ताक्षरी के पास सम्पूर्ण निविदा या उसके किसी भी अंश को बिना कोई कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार है।
2. इस खण्ड द्वारा सामान्य ई–निविदा सं. टी.– 14/ वि. 400 के.वी. उ.ख. बाँ./23–24 "Work of overhauling of air pump of 400 kv circuit breaker installed at 400 kv substation Banda" हेतु आमंत्रित की गयी है। निविदा से सम्बन्धित सभी विवरण वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। अद्योहस्ताक्षरी के पास सम्पूर्ण निविदा या उसके किसी भी अंश को बिना कोई कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार है।
अधिशाषी अभियन्ता
वि. 400 के.वी. उ.ख. बाँदा
'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'
साधारण/सी.एफ.एल. बल्ब के स्थान पर एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
पत्रांक: 256/वि.400 के.वी. उपकेन्द्र खण्ड बाँदा
दिनांक: 10/08/2023

**उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि.**
**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं. 02/2023-24**
निविदा विशिष्टीकरण सं. 02(01)/2023–24 के अधीन सैफई स्थित अतिविशिष्ट अतिथिगृह के बाथरूम की फर्श का मरम्मत का कार्य (P.R. No. 1300020803) (धरोहर राशि रू. 3000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित रू. 590.00 तथा कार्यावधि एक माह), निविदा विशिष्टीकरण सं. 02(02)/2023–24 के अधीन सैफई स्थित अति विशिष्ट अतिथिगृह में रूफ ट्रीटमेंट एवं अन्य जानपदीय कार्य (P.R. No. 1300020802) (धरोहर राशि रू. 3500.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित रू. 590.00 तथा कार्यावधि एक माह), अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 28.08.2023 को अपरान्ह 16:00 बजे तक ई–टेण्डर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 29.08.2023 को 13:00 बजे के बाद ऑनलाइन खोली जायेगी।
कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई–निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा एवं निविदा मूल्य वापस नहीं होगा।
निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जायेगी। अत: स्वयं को अपडेट रखने के लिये http://etender.up.nic.in व www.upptcl.org वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिये।
राष्ट्रहित में बिजली बचायें
अधिशासी अभियन्ता
विद्युत जानपद पारेषण खण्ड
विद्युतकालोनी गोविन्दनगर
कानपुर–06
पत्रांक: 608 / वि.जा.पारे.ख.का./टी–12
दिनांक: 10.08.2023

# लेखपालों ने डिजिटल क्रॉप सर्वे का किया कार्य बहिष्कार

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
**कानपुर।**

लेखपालों ने कृषि विभाग के एग्रो स्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य बहिष्कार किया है। लेखपालों का कहना है कि उनके पास पहले से बहुत तरह के कार्य हैं। कृषि विभाग के डिजिटल सर्वे का कार्य अलग से दिये जाने का संगठन ने विरोध किया है।

उप्र लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त लेखपालों से एग्रो स्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे कराए जाने के लिए शासन से आदेश जारी हुआ था। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उत्तर प्रदेश की सर्वोच्च समिति की बैठक लखनऊ में आठ अगस्त को हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि लेखपालों के सृजित पद से आधे पद पर लेखपाल कार्य कर रहे हैं। आधे पद खाली हैं और लेखपालों के पास अतरिक्त हल्के का चार्ज होने व कार्य की अधिकता होने के कारण उपरोक्त कार्य को न करने का निर्णय लिया गया है। इसके संबंध में 9 अगस्त को उपरोक्त कार्य न करने का एक पत्र प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा जारी कर दिया गया। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जनपद कानपुर नगर की जिला कार्यकारणी ने निर्णय लिया कि प्रदेश कार्यकारणी के आह्वान पर कानपुर नगर के समस्त लेखपाल उपरोक्त कार्य को नही करेंगे। इस संबंध में 9 अगस्त को एक पत्र जिलाधिकारी को प्रेषित कर दिया गया है। सभी तहसीलों के तहसील अध्यक्ष/तहसील मंत्री द्वारा उपरोक्त कार्य न करने का पत्र अपने अपने तहसीलों के उपजिलाधिकारी कल ही प्राप्त करा दिया गया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि हर साल लेखपाल तीन बार अलग-अलग फसल का खेतों में फसल की पड़ताल मैनुवली करते थे, लेकिन जबसे खसरा ऑनलाइन हुआ है। पहली बार डिजिटल क्रॉप सर्वे कराया जा रहा है जो खेतों के हर गाटा में जाकर मोबाइल से फसल की पड़ताल होने के बाद फीड की जाएगी। पहली खरीफ फसल की पड़ताल 10 अगस्त से 25 अक्टूबर तक होनी है, जिसके डिजिटल क्रॉप सर्वे को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर करने से मना किया गया है।

**कृषि विभाग के डिजिटल सर्वे का कार्य अलग से दिये जाने का संगठन ने जताया विरोध**

**पहली खरीफ फसल की पड़ताल 10 अगस्त से 25 अक्टूबर तक होनी है**

**EMA INDIA LIMITED**
CIN : L27201UP1971PLC003408
Regd. Office: C-37 Panki Industrial Area, Udyog Nagar, Kanpur - Uttar Pradesh
Website: www.eiltd.info, E-mail: emaindia.cs@gmail.com
Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2023
(Rs. in Lakhs, except per share data)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 30.06.2023 (Unaudited) | Previous Year ended 31.03.2023 (Audited) | Quarter ended 30.06.2022 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (13.83) | (55.63) | (16.89) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (13.83) | (55.63) | (16.89) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (13.83) | (55.63) | (16.89) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (13.83) | (55.63) | (16.89) |
| 6 | Equity Share Capital | 100.50 | 100.50 | 100.50 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve)* | - | (161.92) | |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic: 2. Diluted: | (1.38) (1.38) | (5.54) (5.54) | (1.68) (1.68) |

Note- (a) The above is an extract of the detailed format of Quarter ended Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarter ended Financial Results are available on the Stock Exchange website: www.bseindia.com and on company's website: www.eiltd.info. (b)The financial results were approved by the Board of Directors at their meeting held on 10th August, 2023. (c) The Statutory Auditors of the Company have carried out the limited review in respect of the unaudited financial results for the Quarter ended 30th June, 2023.
For EMA India Limited
Sd/-
Ranjana Bhargava
(Whole Time Director)
Place : Kanpur
Date : 10/08/2023

# बस चालक के खिलाफ परिचालक के पिता ने दर्ज करायी रिपोर्ट

**कानपुर (एसएनबी)।** झकरकटी बस अड्डे पर बैक हो रही दो बसों के बीच दबकर परिचालक की मौत के मामले में मृतक के पिता ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ रेलबाजार थाने में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कराया है। दोनों ही बसों के चालक फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

मूलरूप से गोंडा के इटियाथोक थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी सुग्रीव तिवारी (40) रोडवेज विभाग में परिचालक पद पर कार्यरत थे और वर्तमान में वह आजाद नगर डिपो में तैनात थे। बुधवार दोपहर को वह झकरकटी बस अड्डे पहुंचे थे, जहां से उन्हें बस में सवारियां लेनी थी। सवारियों को बुलाने के लिए वह बस से उतरकर उसके पीछे जाकर सवारियों को बुलाने लगे। उनकी बस के पीछे ही एक और बस खड़ी हुई थी। इस बीच उनकी बस का चालक गाड़ी बैक करने लगा। सुग्रीव सड़क की तरफ मुंह करके सवारी को बुला रहे थे, इसलिए उन्हें बस बैक होने का पता नहीं चला। इस बीच पीछे खड़ी बस के चालक ने बस बैक होते और सुग्रीव को उसकी चपेट में आने की आशंका पर शोर मचाया, लेकिन तब तक बैक हो रही बस ने सुग्रीव को अपनी चपेट में ले लिया और पीछे खड़ी बस से जा भिड़ी। परिचालक सुग्रीव दो बसों के बीच दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने शोर मचाया तो दोनों बस के चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकले। लोगों को सुग्रीव को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुका था। पुलिस सुग्रीव को अस्पताल ले गयी। अस्पताल में सुग्रीव ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में सुग्रीव के पिता नंद किशोर तिवारी ने रेलबाजार थाने में अज्ञात बस चालक के खिलाफ तहरीर दी। रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि मृतक परिचालक के पिता की तहरीर पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, लावरवाही से बस चलाने व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी बस चालक की तलाश की जा रही है।

**झकरकटी बस अड्डे पर दो बसों के बीच दबकर परिचालक की मौत का मामला**

## ई-कोर्ट के जरिये दूरस्थ सर्किल में मामलों की होगी सुनवाई

**कानपुर (एसएनबी)।** पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में अब दूरस्थ सर्किल के बीच में मामलों की सुनवाई ई कोर्ट (वर्चुअल कोर्ट) के माध्यम से की जाएगी। गुरुवार को इस संबंध में एसीपी नौबस्ता के कार्यालय में प्रयोग किया गया। सफल प्रयोग होने के बाद नौबस्ता और घाटमपुर सर्किल के बीच में इस व्यवस्था को शुरू कर दिया गया है।

अभी तक की व्यवस्था के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद सीआरपीसी के अध्याय आठ में परिशांति कायम रखने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त को कार्यपालक मजिस्ट्रेट के अधिकार दिए गए है। इन अधिकारों का पालन करने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर और नौबस्ता को एक-दूसरे के परिक्षेत्र के मामलों की सुनवाई करने उनके कार्यालयों में जाना पड़ता था। इससे समय का काफी अधिक नुकसान होता था। कई बार अन्य ड्यूटी की जिम्मेदारी की वजह से सुनवाई में भी व्यवधान पड़ता था। इससे मामलों के वादी प्रतिवादी को भी इंतजार करना पड़ता था। अब ई-कोर्ट शुरू हो जाने से इन सारी समस्याओं का हल निकल आएगा। गुरुवार को एसीपी नौबस्ता के कार्यालय में प्रयोग के तौर पर ई-कोर्ट लगाकर देखी गई। उसमें वर्चुअल तरीके से 107/16 और 151 के मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध नीलाब्जा चौधरी पुलिस उपायुक्त दक्षिण रविंद्र कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त अंकिता शर्मा, एसीपी नौबस्ता अभिषेक कुमार पांडे, थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय मौजूद रहे। संयुक्त पुलिस आयुक्त नीलाब्जा चौधरी ने बताया कि सर्किल की दूरी अधिक होने के कारण लोगों एवं अधिकारियों को आने जाने में समस्या होती थी और समय का भी नुकसान होता था। उन्होंने बताया कि एसीपी नौबस्ता कार्यालय में किया गया प्रयोग सफल रहा है। अब जल्द ही बिल्हौर और पनकी सर्किल में भी ई-कोर्ट की व्यवस्था की जाएगी। क्योंकि इन दोनों सर्किल की भी दूरी बहुत अधिक है।

# बार पदाधिकारियों के निष्कासन पर लगी रोक, सुनवायी 18 को



कचहरी स्थित बार एसोसिएशन कक्ष में पत्रकारों से वार्ता करते पदाधिकारी।
फोटो : एसएनबी

■ **कानपुर (एसएनबी)।**

अनुशासन समिति द्वारा बार एसो. अध्यक्ष, महामंत्री व मंत्री के निष्कासन आदेश पर रोक लग गयी है। इस मामले में 18 अगस्त को सुनवायी होगी।

बार एसो. की कार्यकारिणी सदस्य अंजू सिंह ने यूपी बार कौंसिल में बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी, महामंत्री अनुराग श्रीवास्तव व मंत्री अजय प्रताप सिंह चौहान के खिलाफ कई आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करायी थी। इस मामले में अनुशासन समिति ने तीनों पदाधिकारियों को पेश होने को कहा था, लेकिन तीनों पदाधिकारी अपना पक्ष रखने नहीं पहुंचे। इस पर अनुशासन समिति ने अगले आदेश तक तीनों पदाधिकारियों की सदस्यता को डिबार करते हुए सदस्यता निलंबन का आदेश कर दिया था। पत्रकार वार्ता में बार अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी व महामंत्री अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत के दौरान कानपुर में जिला जज स्थानांतरण को लेकर आंदोलन चल रहा था, जिस कारण वे लोग समिति के सामने हाजिर नहीं हो सके थे। बाद में जब बार कौंसिल पहुंचे तो वहां संबंधित फाइल नहीं मिली। उपाध्यक्ष जय नारायण पांडेय ने 30 जुलाई को ही आदेश जारी करने पर रोक लगा दी थी और फाइल ढुंढवाने के आदेश दिये थे। आदेश को निस्तर करने के लिए उनकी तरफ से प्रार्थनापत्र दिया गया था। इस पर समिति ने निलंबन आदेश पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई के लिए 18 अगस्त की तारीख नियत की है।

## बिल्हौर में अधिवक्ताओं के बस्ते हटाने का किया विरोध

**कानपुर (एसएनबी)।** बिल्हौर ग्राम न्यायालय के सामने अधिवक्ताओं के बस्तों को हटाए जाने का लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष ने एडीएम सिटी से मिलकर विरोध किया।

बिल्हौर ग्राम न्यायालय के सामने अधिवक्ताओं के बस्तों को हटाए जाने के विरोध में सतीश पाल के साथ बिल्हौर से आए अधिवक्ताओं को साथ लेकर लायर्स एसो. के अध्यक्ष रवीन्द शर्मा एडीएम सिटी से मिले और उन्हें बिल्हौर की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि बिना अधिवक्ता के न्यायालय की कल्पना ही व्यर्थ है। बिल्हौर में ग्राम न्यायालय के सामने खाली पड़ी भूमि पर अधिवक्ता अपने बस्ते लगा न्याय में योगदान कर रहे थे कि अचानक बिना किसी नोटिस या सूचना के जिस तरह से बिल्हौर प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं के बस्तों को हटा दिया गया, उसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। यह ग्राम न्यायालय व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास है। हमारी मांग है कि तत्काल बिल्हौर के अधिवक्ताओं के बस्तों को यथावत कर दिया जाए अन्यथा अधिवक्ता समाज आंदोलन को बाध्य होगा। एडीएम सिटी ने कहा कि हम शीघ्र ही इस संबंध मे आवश्यक कार्यवाही करेंगे। सभी अधिवक्ताओं ने एडीएम एफआर से मुलाकात की और प्रकरण से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हम शीघ्र ही अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था करने के प्रयास में हैं। यहां अशोक श्रीवास्तव, पवन अवस्थी, सोनल पाठक, अजय, नीरज सैनी, संजीव आदि थे।